



### एक नजर में



### मेंटेनेंस कार्य के चलते रोपवे 20 तक बंद

**सलकनपुर.** देवीधाम सलकनपुर में संचालित मां बिजासन रोपवे सेवा आगामी मेंटेनेंस कार्य के चलते अस्थायी रूप से बंद रहेगी. कन्वेयर रोपवे सर्विस, कोलकाता द्वारा संचालित यह रोपवे 20 जनवरी तक आवश्यक तकनीकी रखरखाव एवं सुरक्षा परीक्षण के कारण बंद रखा जाएगा. रोपवे सर्विस प्रबंधक राजू श्रीवास्तव ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह नियमित मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है, ताकि भविष्य में श्रद्धालुओं को निर्बाध एवं सुरक्षित सेवा उपलब्ध कराई जा सके. उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि निर्धारित अवधि में वैकल्पिक मार्ग सीढ़ी एवं रोड़ मार्ग का उपयोग करते हुए देवी दर्शन-पूजन के लिए जा सकते हैं. रोपवे सेवा 20 जनवरी के बाद पुन: प्रारंभ होने की संभावना है.




### सेवा निवृत्ति पर समारोह में दी शिक्षकों को विदाई

**सीहोर.** संकुल प्राचार्य विक्रम देव की अध्यक्षता में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें माध्यमिक शाला बिछिया से शिक्षक राकेश शर्मा, माध्यमिक शाला छतरी से सहायक शिक्षक मनोज चतुर्वेदी, हाई स्कूल बरखेड़ा देवा से बलराम सिसोदिया एवं शासकीय प्राथमिक शाला इमलिया हसन से सेवानिवृत सहायक शिक्षक विजय सिंह कसौटिया का सम्मान कर विदाई दी गई. इस दौरान शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे.



### आरबीएसके के तहत क्लबफुट उपचार पर दिया प्रशिक्षण

**सीहोर.** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एसबीआई एवं अनुष्का फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय क्लब फुट उपचार सपोर्टिव सुपरविजन प्रशिक्षण आयोजित किया गया. सिविल सर्जन डॉ. उमेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार डीईआईसी केंद्र में क्लब फुट क्लीनिक का संचालन किया जाता है. अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पवर्धन मंडलेचा द्वारा टेनोटोमी विधि की जानकारी प्रदान की गई. डॉ. हरिओम गुप्ता ने क्लब फुट के बच्चों की जांच की और 10 बच्चों का उपचार कास्टिंग, टेनोटोमी एवं ब्रेसिंग विधि से किया. इस मौके पर डॉक्टर सबा बक्श एवं मनीष पटेल उपस्थित थे.



### कार्यक्रम में सफेद वर्दी पहनकर शामिल होंगे कार्यकर्ता

**आष्टा.** जिला स्तरीय कांग्रेस सेवादल की बैठक आगामी 20 जनवरी को प्रात: 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय के पीछे नेहरू पार्क में आयोजित की गई है. जिसमें सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती सहित कांग्रेस के सभी विंग के अध्यक्ष शामिल होगें. श्री गुजराती, श्री खंगराले व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम यादव ने कार्यकर्ताओं से सफेद वर्दी में नियत समय पर पहुंचने की अपील की है. सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने आष्टा में वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर सेवादल कांग्रेस के आयोजन के निमंत्रण पत्र वितरित किए.



### समय सीमा में हो संपरिवर्तन की कार्रवाई: कलेक्टर

**रेहटी.** कलेक्टर बालागुरू के ने तहसील कार्यालय, राजस्व न्यायालय, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया तथा धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया. कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है. तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के ने एसआईआर की प्रगति की समीक्षा करते हुए मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही की भी समीक्षा की. उन्होंने इस प्रक्रिया में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, अभिलेखों का अद्यतन शीघ्रता से किया जाए तथा पात्र ग्रामीणों को राजस्व सुविधाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए. संपरिवर्तन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. कलेक्टर ने रेहटी तहसील के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी केंद्रों पर धान की गुणवत्ता, तौल व्यवस्था, बारदाना, भुगतान प्रक्रिया, किसानों की सुविधा तथा रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की जानकारी ली.

# टोल कर्मचारी के शव के साथ किया प्रदर्शन

## बीती रात फंदा टोल प्लाजा कर्मचारी ग्राम खामलिया निवासी युवक ड्यूटी के दौरान हादसे का शिकार

- आक्रोशित ग्रामीणों ने टोल प्लाजा पर किया चक्काजाम
- प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच बनी मुआवजे पर सहमति

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 जनवरी. भोपाल-इंदौर मार्ग पर स्थित फंदा टोल प्लाजा पर बीती रात ड्यूटी के दौरान एक कर्मचारी की ट्रक के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गई. इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव को टोल प्लाजा पर रखते हुए चक्काजाम कर दिया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई. हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप और टोल प्रबंधन द्वारा मुआवजे का लिखित आश्वासन के देने के बाद मामला शांत हुआ.**

जानकारी के अनुसार फंदा टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारी विजय सिंह मेवाड़ा पिता अमर सिंह मेवाड़ा की बीती रात कार्यस्थल पर एक दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो गई थी. विजय अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे, जिन पर उनकी वृद्ध माता, पत्नी और तीन छोटी बेटियों (नंदनी 15 वर्ष, आरुषि 12 वर्ष और काव्या 5 वर्ष) की जिम्मेदारी थी. इस घटना के बाद परिजन शोक में डूब गए थे. शुक्रवार को जब विजय सिंह मेवाड़ा का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन व ग्राम के युवक ला रहे थे तभी मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर ग्रामीण टोल पर ही धरने पर बैठ गए. इस दौरान आक्रोशित ग्रामीण युवाओं की भीड़ जमकर नारेबाजी कर रही थी तो मृतक के परिजन विलाप कर रहे थे. इस दौरान वहां वाहनों की लंबी कतारें लगने लगी थीं. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा जाम में फंसे वाहनों को दूसरी लेन से निकालना पड़ा. इस दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात था.




**सीहोर.** भोपाल- इंदौर हाईवे स्थित फंदा टोल प्लाजा के समीप मृतक कर्मचारी का शव रखकर चक्काजाम करते ग्रामीण व परिजन.

### 10-10 लाख रुपये की हो एफडी

परिजनों ने प्रबंधन को सौंपे गए आवेदन में मांग की थी कि तीनों बेटियों के नाम 10-10 लाख रुपए की एफडी की जाए और वृद्ध माता को भी आर्थिक संबल दिया जाए. प्रबंधन ने भरोसा दिलाया है कि वे कंपनी की ओर से अधिकतम संभव सहयोग करेंगे ताकि मृतक की निष्ठापूर्ण सेवाओं का सम्मान हो सके और परिवार का भविष्य सुरक्षित रहे.

### पुलिस को करना पड़ी काफी मशक्कत

शव के साथ ग्रामीणों द्वारा टोल प्लाजा पर चक्काजाम किए जाने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा. धरना दे रहे ग्रामीणों की मांग थी कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सुरक्षा और बच्चों के भविष्य के लिए ठोस सहायता दी जाए. काफी देर तक चली गहमागहमी और पुलिस की भारी मशक्कत के बाद टोल प्रबंधक और कॉरिडोर मैनेजर ने परिजनों से चर्चा की और मुआवजे की शर्तों पर सहमति बनी. तब कहीं जाकर ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया और वह शव का अंतिम संस्कार करने के लिए गांव रवाना हो गए.

### टोल प्लाजा प्रबंधन ने सहायता राशि का दिया आश्वासन

कॉरिडोर मैनेजर राजीव मिश्रा ने लिखित रूप में आश्वासन दिया कि कंपनी और सरकारी नियमों के तहत पीड़ित परिवार को लाभ दिए जाएंगे, जिसमें तत्काल आर्थिक सहायता के रूप में कंपनी की ओर से कुल 7 लाख रुपए दिए जाएंगे, जिसमें से 1 लाख रुपए तत्काल दिए गए और शेष 6 लाख रुपए आगामी बुधवार तक बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए जाएंगे. ईपीएफओ और ईएसआईसी का पूरा पैसा परिवार को मिलेगा. साथ ही विजय की पत्नी और बच्चों को लाइफ टाइम ईएसआईसी और पेंशन की सुविधा मिलेगी. ग्रुप इंश्योरेंस, एक्सीडेंट पॉलिसी और ईपीएफओ बीमा का पूरा क्लेम परिवार को दिलाने का वादा किया गया है. 18 साल की उम्र तक दो बच्चों को पेंशन की सुविधा भी निरंतर मिलती रहेगी, जिससे उनकी पढ़ाई निरंतर जारी रह सकेगी.

### सारू-मारू की गुफाओं का किया निरीक्षण



**बुधनी.** कलेक्टर बालागुरू के ने ग्राम पान गुराड़िया स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व की सारू-मारू की गुफाओं बौद्ध स्तूपों एवं शिलालेखों का अवलोकन किया और प्राचीन धरोहर के संरक्षण के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि सारू-मारू की गुफाएं जिले की ऐतिहासिक पहचान हैं. गौरतलब है कि सारू-मारू की गुफाओं का संबंध तथागत गौतम बुद्ध के प्रमुख शिष्यों महामोद्गलायन और सारिपुत्र के काल से माना जाता है. यह स्थल सांची से 120 किमी दूर स्थित है. यहां प्राकृतिक गुफाओं के साथ-साथ अनेक बौद्ध स्तूप निर्मित है. गुफाओं में स्वस्तिक, त्रिरत्न एवं कलश जैसे बौद्ध प्रतीकों के भित्तिचित्र आज भी देखे जा सकते हैं, जो इस स्थल की धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्ता को दर्शाते हैं. इस स्थल का विशेष महत्व इस कारण भी है कि यहां मुख्य गुफा में सम्राट अशोक से संबंधित दो महत्वपूर्ण शिलालेख प्राप्त हुए हैं. इनमें से एक शिलालेख में अशोक के पुत्र महेंद्र की यात्रा का उल्लेख मिलता है, जबकि दूसरे शिलालेख से यह जानकारी मिलती है कि सम्राट अशोक ने विदिशा में निवास के दौरान इस स्थल की यात्रा की थी.

## महिला चिकित्सक को किया इछावर अटैच

- नसबंदी के बाद महिला की मौत के मामले में हुई कार्रवाई
- परिजनों ने अस्पताल के गेट पर किया था प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 16 जनवरी.** ग्राम सिंहपुर निवासी महिला की नसबंदी ऑपरेशन के बाद मौत हो के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने सिविल अस्पताल पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी. मामले में महिला डॉक्टर को इछावर अस्पताल अटैच किया गया है.

जानकारी के अनुसार नसबंदी ऑपरेशन के बाद तबियत खराब होने से महिला की मौत हो गई थी. गुरुवार को समाज के सैकड़ों लोग अस्पताल पहुंचे और अस्पताल के गेट के ऊपर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया था. परिजनों का कहना है कि अस्पताल में जिन भी अधिकारियों या कर्मचारियों की लापरवाही सामने आए, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

प्रशासन की समझाईश के बाद मामला किसी तरह शांत हुआ था. हालांकि परिजनों ने चेतावनी दी थी कि अगर दोषी महिला चिकित्सक के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो वह फिर आंदोलन करेंगे. शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मामले की पूरी पड़ताल करते हुए महिला चिकित्सक डॉ. रुकमणि गुलेहरिया को तत्काल प्रभाव से इछावर के अस्पताल में अटैच किया गया है. मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जांचोंपरांत आगामी कार्रवाई की जाएगी.

## अभद्र टिप्पणी करने वाले कांग्रेस नेता को भेजा जेल

- सोशल मीडिया पर की थी नेता ने अभद्र टिप्पणी
- बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने की थी पुलिस से शिकायत

नवभारत न्यूज

**बुधनी 16 जनवरी.** सोशल मीडिया पर बजरंग दल के खिलाफ आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने कांग्रेस नेता आमिर पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. यह कार्रवाई बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा थाने में दिए गए आवेदन के बाद की गई.

प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता आमिर पटेल ने बुधनी की आवाज नामक सोशल मीडिया ग्रुप पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया था. आरोप है कि उन्होंने स्वयं को उठा लेने जैसी धमकी भरी टिप्पणी करते हुए बजरंग दल कार्यकर्ताओं को चेतावनी दी और आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया. इस मामले को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में बजरंग दल कार्यकर्ता एकजुट होकर बुधनी थाने पहुंचे और थाना प्रभारी संदीप जाट को लिखित आवेदन के साथ सोशल मीडिया पोस्ट के स्क्रीनशॉट सौंपे. कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई की मांग करते हुए इसे धार्मिक और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला कृत्य बताया.

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कांग्रेस नेता आमिर पटेल को हिरासत में लिया. पुलिस ने



भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. बजरंग दल के राहुल सिंह राजपूत ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं को खुलेआम चेतावनी दी गई थी, जिससे नगर में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती थी. उन्होंने आरोप लगाया कि आमिर पटेल पूर्व में भी सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा और आपत्तिजनक टिप्पणियां कर चुका है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और सोशल मीडिया गतिविधियों की भी पड़ताल की जा रही है.

## वन विभाग ने अवैध निर्माण रोका, मशीनें की जब्त

- वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप से बना रहे थे सड़क
- वन विभाग ने नगर परिषद से मांगे भूमि के दस्तावेज

नवभारत न्यूज

**बुधनी 16 जनवरी.** नगर परिषद द्वारा वन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से सीसी रोड निर्माण किए जाने का मामला सामने आने पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. बीते एक सप्ताह से नगर के वार्ड 6 एवं 7 में वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर सीसी रोड़ का निर्माण कार्य कराया जा रहा था.

वन परिक्षेत्र अधिकारी रंजित द्विवेदी के निर्देश पर डिप्टी रेंजर पीएल राठौर द्वारा मौके पर



पहुंचकर निर्माण कार्य में लगी ठेकेदार की मिक्सर मशीन जप्त कर ली गई. इसके साथ ही निर्माण कार्य तत्काल रुकवा दिया गया.

वन विभाग का कहना है कि संबंधित भूमि वन विभाग के अधीन है, जबकि नगर परिषद द्वारा उक्त भूमि को अपनी बताते हुए सड़क निर्माण कराया जा रहा था. इस पर वन परिक्षेत्र अधिकारी ने सीएमओ से कहा है कि यदि भूमि नगर परिषद की है तो उससे संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएं, उसके पश्चात ही निर्माण कार्य की अनुमति दी जाएगी. उल्लेखनीय तथ्य यह है कि जिस सीसी रोड़ का निर्माण किया जा रहा था, वह मूलत: जाटव मोहल्ला, वार्ड 12 के लिए स्वीकृत थी, लेकिन बिना किसी प्रस्ताव एवं प्रशासनिक स्वीकृति के वन भूमि पर सड़क निर्माण कराया जा रहा था. लोगों में इस कार्रवाई के बाद चर्चाओं का दौर तेज हो गया है. आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि नगर परिषद द्वारा पूर्व में भी नियमों को ताक पर रखकर सीसी रोड़ निर्माण कराते हुए कुछ विशेष व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया गया. ऐसे मामलों को शासकीय धन के दुरुपयोग से जोड़कर देखा जा रहा है. अब देखना यह होगा कि नगर परिषद भूमि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत कर पाती है या नहीं, अथवा इस मामले में आगे और प्रशासनिक कार्रवाई होती है.

## प्रभारी उपसंचालक से छीना विभाग का प्रभार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 जनवरी.** सरकारी तंत्र में फर्जीवाड़े के आधार पर पद हथियाने का एक बड़ा मामला सामने आया है. सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रभारी उपसंचालक महेश कुमार यादव के दिव्यांगता प्रमाण पत्र पर सवाल खड़े होने के बाद उनसे प्रभार छीन लिया गया है. कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब विभाग की जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार को सौंपी गई है.

प्रभारी उपसंचालक महेश यादव पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट के आधार पर सरकारी नौकरी प्राप्त की और पद पर बने रहे. शिकायत में कहा गया था कि उनकी वास्तविक दिव्यांगता कम है, जबकि विभाग में उन्होंने अधिक प्रतिशत वाला सर्टिफिकेट जमा कर रखा है. संचालनालय आयुक्त ने महेश यादव को दिव्यांगता की जांच एम्स संस्थान में कराने के स्पष्ट निर्देश दिए थे. इसके बावजूद यादव ने एम्स में अपनी जांच नहीं कराई. इस टालमटोल को विभाग ने संदिग्ध माना और अंतत: कड़ा कदम उठाया. आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय ने कलेक्टर को निर्देशित किया कि जब तक जांच पूरी नहीं होती, तब तक महेश यादव को पद से हटाकर किसी अन्य अधिकारी को प्रभार दिया जाए. इसी आदेश के पालन में कलेक्टर कार्यालय ने संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार को प्रभारी उपसंचालक नियुक्त करने का आदेश जारी किया है.

### रोजगार मेले में 580 युवाओं का हुआ चयन

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया. मेले में कंपनियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता के अनुसार चयन किया गया. रोजगार मेले में 616 युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया था. जिसमें 13 कंपनियों द्वारा 580 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया. मेले में उद्योग विभाग द्वारा 12 हितग्राहियों को 41 लाख 48 हजार 922 रुपए का स्वरोजगार ऋण वितरण किया गया. इस अवसर पर जिला लीड बैंक अधिकारी जयदीप भट्टाचार्य व अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

**पत्रकार वार्ता** 108 विप्रजनों के अलावा साधु- संत होंगे शामिल, नौ दिन चलेगा नगर भोज

## शहर के इतिहास में पहली बार सहस्त्र चंडी महायज्ञ

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 जनवरी.** शहर के प्रसिद्ध करोली वाली माता मंदिर गंज में 18 जनवरी से आरंभ होने वाले सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन की सभी आवश्यक तैयारी की जा रही हैं. यहां पर दस दिवसीय महा भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा. इस दौरान मंडप में अखंड मंत्रोच्चारण होगा. नियमित नौ कुंडीय वेदी का निर्माण किया गया है. इसके अलावा यहां पर होने वाले महायज्ञ में देश भर के प्रसिद्ध साधु-संत, महात्मा और कथा वाचक शामिल होंगे.

शुक्रवार को यज्ञ स्थल पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया. जिसमें कार्यक्रम अध्यक्ष विवेक राठौर, यज्ञाचार्य पं. महादेव शर्मा और मु य यजमान सूत्रधार तरुण राठौर सहित अन्य शामिल थे. उन्होंने पत्रकारों को दिव्य अनुष्ठान और महायज्ञ की रुपरेखा से अवगत किया.

महायज्ञ के मीडिया प्रभारी प्रदीप समाधिया ने बताया कि 18 जनवरी से होने वाले सहस्त्र चंडी यज्ञ जिले के इतिहास में पहली बार हो रहा है. माघ की गुप्त नवरात्रि में संयुक्त मां कालका उत्सव समिति एवं समस्त शहरवासियों के द्वारा किया जा रहा है. आयोजन में शहरवासियों की सुख समृद्वि के लिए व जगदम्बा की प्रसन्नता के लिए



दुर्गा सप्तशती के पाठ एवं हवन इत्यादि मर्यादा के अंतर्गत किया जाएगा. इसके अलावा दस दिनों तक नगर भंडारे में भोजन प्रसादी की जाएगी. रविवार को पहले कलश यात्रा और हेमाद्री आदि दिव्य अनुष्ठान किए जाऐंगे. इस मौके पर यज्ञ आयोजन की संपूर्ण रुपरेखा भी बताई गई. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, पं. शैलेश तिवारी, पं. नरेश तिवारी, जीतू राठौर और प्रतुल राठौर आदि शामिल थे.

### शिक्षा मंडल ने जारी किए प्रवेश पत्र

**सीहोर.** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल, हायर सेकंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा डीपीएसई परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी किए हैं. परीक्षार्थी प्रवेश पत्र मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं.


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मुझ नईम खां के पुत्र के आधार कार्ड क्र. 218906689486 में त्रुटिवश मेरे पुत्र की जन्म दिनांक 31/03/2010 अंकित हो गई है एवं मुझ प्रार्थी के पुत्र के अन्य दस्तावेज अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र में जन्म दिनांक 30/03/2010 अंकित है जो कि वास्तविक व सही नाम है। अत: प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र की जन्म दिनांक 30/03/2010 मानी जावे।

प्रार्थी
नईम खां आ. श्री अमीनउद्दीन आयु 51 वर्ष
निवासी वार्ड क्र. 13 पिंजारापुरा इछावर
तहसील इछावर जिला सीहोर पिन 466115
मोबाइल नं. 9200188462